दिनांक : 06.07.2025 समय : 07.10PM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

मुख्य समाचार :-

- ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री ब्राजील पहुंचे। कहा- भारत ब्राजील के साथ साझेदारी के विस्तार को लेकर उत्सुक।
- वनाधिकार दावों का 31 दिसम्बर तक किया जाए निराकरण, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश।
- देश के आर्थिक विकास में सहकारी समितियों का महत्वपूर्ण योगदान, कहा-केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने।
- प्रदेश में भारी बारिश के चलते कई क्षेत्र जलमग्न, जबलपुर में बरगी डेम के 9 गेट खोले गए।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री - ब्राजील, अर्जेंटीना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंच गये हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे कई प्रमुख क्षेत्रों में भारत और ब्राजील के बीच कार्यनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए राष्ट्रपति लुईज़ इनाशियो लुला डी सिल्वा के साथ वार्ता को लेकर उत्सुक हैं।

ब्राजील में भारतीय मूल के लोगों और वहां काम कर रहे भारतीयों ने प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया। प्रधानमंत्री यहां ब्रिक्स की कार्यसूची पर चर्चा करेंगे और द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगे।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ कल सार्थक बैठक की। दोनों देश वाणिज्य और व्यापार, प्रौद्योगिकी और औषधी क्षेत्र सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढाने तथा कार्यनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमत हुए।

पीएम-श्यामा प्रसाद मुखर्जी-जयंती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रख्यात चिंतक और शिक्षाविद् डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वींजयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि डॉक्टर मुखर्जी के आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दृष्टि से मूल्यवान है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और अन्य नेताओं ने दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में डॉ. मुखर्जी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली के शहीदी पार्क में डॉक्टर मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुखर्जी जयंती-प्रदेश

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आज प्रदेशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये गए। भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर

माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में डॉ. मुखर्जी की जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में एक देश एक विधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

वन अधिकार अधिनियम-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों से कहा है कि सरकार वनवासियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ से लेकर सभी प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम और पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के लिए गठित की गई राज्य-स्तरीय शीर्ष समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर पल वनवासियों के साथ खड़ी है, यह बात पूरी शिद्दत से उन तक पहुंचनी चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को वनाधिकार के व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का 31 दिसंबर तक निराकरण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछड़े जनजातीय समूहों और अन्य जनजातीय बहुल गांव, मजरों-टोलों तक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना में पेसा कोष की राशि खर्च करने का अधिकार भी संबंधित पेसा ग्राम सभा को दिया जा रहा है।

शाह-गुजरात

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारी समितियों का देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। श्री शाह ने सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुजरात के आणंद में अमूल और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के विभिन्न विकास कार्यो का उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

श्री शाह ने कहा कि उत्पादन और अनाजों की बिक्री से संबंधित दो लाख नए प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां, सहकारिता विश्वविद्यालय और डेयरी से संबंधित तीन समितियां एक साथ देश के सहकारी आंदोलन को और सशक्त बनाएंगे।

शिवराज-गंजबासोदा

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गंजबासोदा रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर स्टेशन पर रेल सुविधाओं को बढ़ाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है। 31 करोड़ 65 लाख रूपयों की लागत से इस स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। श्री चौहान ने अधिकारियों से निर्माण कार्यो की जानकारी हासिल की और गुणवत्ता के साथ समय सीमा में सभी निर्माण कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री-लुधियाना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बेंगलुरु और सूरत के सफल रोड शोज़ के बाद अब निवेशकों से संवाद की तीसरी कड़ी में कल मुख्यमंत्री लुधियाना में रोड शो करेंगे। देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में शुमार लुधियाना में यह आयोजन टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश साझेदारी के लिहाज़ से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

लुधियाना में इस आयोजन के जरिए मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, नीतिगत स्थिरता और निवेश-अनुकूल वातावरण से उद्योग समूहों को परिचित कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना स्थित वर्धमान टेक्सटाइल और दीपक फास्टनर जैसे प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना के प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक समूहों के पदाधिकारियों के साथ व्यक्तिगत बैठकों में भी भाग लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री उद्योग प्रतिनिधियों से संभावित निवेश प्रस्तावों, साझेदारी के क्षेत्रों और आवश्यक सरकारी सहयोग जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

बारिश

प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। भारी बारिश के चलते राज्य के 34 जिलों में तेज बारिश से कई क्षेत्र जल मग्न हो गये हैं। जबलपुर में बरगी डेम के 9 गेट खोल दिए गए हैं। मंडला, डिंडोरी में भारी बारिश के चलते प्रशासन ने निचले इलाकों के लिये अलर्ट जारी किया है। कटनी में नदी नाले उफान पर हैं। वहीं शहडोल में भी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जबकि शिवपुरी जिले में पवा झरना 100 फीट ऊंचाई से बह रहा है। पिछले 24 घंटों में नर्मदापुरम और छतरपुर में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। नीमच जिले में अब तक औसत 315.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। पन्ना जिले मे भी नदियां खतरे के निशान के करीब पहुंच गयी हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आज अपने ग्रह नगर बैतूल पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इससे पहले उन्होंने नर्मदापुरम में नर्मदा पूजन किया।
- मोहर्रम का त्यौहार आज देशभर में मनाया जा रहा है। हजरत इमाम हुसैन समेत कर्बला के शहीदों की याद में राजधानी भोपाल सहित प्रदेश में जगह-जगह मातमी जुलूस निकाले जा रहे हैं।
- सतना जिले के चित्रकूट में 1.7 एकड़ जमीन पर रबर प्लांटेशन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर 3 सौ पौधों का रोपण हुआ।
- शिवपुरी में कल शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में कैम्पस सिलेक्शन परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसमें पुरूष अभ्यर्थी फिटर, वेल्डर, मशीनस्ट, टर्नर, मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में आवेदन किये जा सकते हैं।
- खंडवा सहित प्रदेशभर में ‘‘दस्तक अभियान‘‘ का प्रथम चरण का 22 जुलाई से 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।
- मंदसौर जिले के सीतामऊ जनपद ग्राम दलावदा में एक बगिया मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान दिया गया।

-------